

RNI No.: UPHIN/25/A1697
GARVI GUJARAT
# गरवी गुजरात
गरवी गुजरात
लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 106
दि. 14.08.2025,
गुरुवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : ASHWANI KUMAR Regd. Office: TF-01, Nanakram Super Market,Ramnagar,Sabarmati, Ahmedabad-380 005. Gujarat, India.
Phone : 90163 33307 (M) 93283 33307, 98253 33307 • Email : garvigujarat2007@gmail.com • Email : garvigujarat2007@yahoo.com • Website : www.garvigujarat.co.in

## संक्षिप्त समाचार

### भारत की राष्ट्रपति कल 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 79 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल (14 अगस्त, 2025) को राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

यह संबोधन 1900 बजे से आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी संस्करण प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लाल किले से 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे

**एक भव्य आयोजन समृद्ध, सुरक्षित और सशक्त नए भारत की झलक पेश करेगा**

(एजेंसी)।

राष्ट्र 15 अगस्त 2025 को अपना 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाएगा, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले से करेंगे। प्रधानमंत्री इस प्रतिष्ठित स्मारक की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे और संपूर्ण राष्ट्र को संबोधित करेंगे। ऐसे में जब देश 2047 तक विकसित भारत के सरकार के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय "नया भारत" रखा गया है। यह समारोह एक समृद्ध, सुरक्षित और सशक्त नए भारत के लगातार विकास और तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करने के एक मंच के तौर पर काम करेगा।




समारोह लाल किले पर आगमन के साथ, प्रधानमंत्री का स्वागत रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ और रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह करेंगे। रक्षा सचिव, दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार का प्रधानमंत्री से परिचय कराएँगे। इसके बाद, दिल्ली क्षेत्र के जीओसी, श्री नरेंद्र मोदी को सलामी मंच तक ले जाएँगे, जहाँ अंतर-सेवा और दिल्ली पुलिस गार्ड की संयुक्त टुकड़ी, प्रधानमंत्री को सलामी देगी। इसके बाद, प्रधानमंत्री सलामी गारद का निरीक्षण करेंगे।

प्रधानमंत्री के लिए गार्ड ऑफ ऑनर दस्ते में 96 जवान शामिल होंगे (एक अधिकारी और सेना, नौसेना, वायु सेना और दिल्ली पुलिस, प्रत्येक से 24 जवान)।

भारतीय वायु सेना इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का समन्वय कर रही है। गार्ड ऑफ ऑनर की कमान विंग कमांडर ए एस सेखों संभालेंगे।

प्रधानमंत्री के गार्ड में सेना दस्ते की कमान मेजर अर्जुन सिंह, नौसेना दस्ते की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर कोमलदीप सिंह और वायु सेना दस्ते की कमान स्क्वाड्रन लीडर राजन अरोड़ा संभालेंगे। दिल्ली पुलिस दस्ते की कमान अतिरिक्त डीसीपी श्री रोहित राजबीर सिंह के हाथ में होगी।

# मुख्यमंत्री ने 'हर घर तिरंगा अभियान' का शुभारम्भ किया

**प्रधानमंत्री जी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत विजन से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए हमें विकसित व आत्मनिर्भर उ0प्र0 के विजन को अपने जीवन का मंत्र बनाना होगा : मुख्यमंत्री**

**तिरंगा यात्रा हमें भारत माता, भारतीय महापुरुषों व वीर क्रान्तिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर प्रदान करती**

**देश व प्रदेश के प्रत्येक घर में भारत की आन-बान-शान का प्रतीक तिरंगा लहराया जाना चाहिए**

**निजी स्वार्थ की तिलांजलि देकर प्रत्येक परिस्थिति में देश के सम्मान को बनाए रखना प्रत्येक भारतीय नागरिक का दायित्व**

लखनऊ : 13 अगस्त, 2025

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत विजन से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए हमें विकसित व आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के




विजन को अपने जीवन का मंत्र बनाना होगा।

मुख्यमंत्री जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर 'हर घर तिरंगा अभियान' (13 से 15 अगस्त, 2025) का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में आज 'हर घर तिरंगा अभियान' का शुभारम्भ किया जा रहा है। हमारा देश अपनी आजादी के 78 वर्ष पूर्ण कर रहा है। आजादी के अमृतकाल में हर भारतीय के मन में अपने संविधान, राष्ट्रीय प्रतीकों, महान क्रान्तिकारियों और महापुरुषों के प्रति श्रद्धा और सम्मान के भाव को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए इस तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमें भारत माता, भारतीय महापुरुषों व वीर क्रान्तिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर प्रदान करती है। देश व प्रदेश के प्रत्येक घर में भारत की आन-बान-शान का प्रतीक तिरंगा लहराया जाना चाहिए।

# जेपी सेनानियों के सम्मान में ऐतिहासिक निर्णय, पेंशन दोगुनी, 1 अगस्त 2025 से लागू- सम्राट चौधरी

(एजेंसी)।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल की सलाखों के पीछे सालों तक संघर्ष करने वाले जेपी आंदोलन के सेनानियों के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। बिहार कैबिनेट ने उनके सम्मान पेंशन को दोगुना करने के प्रस्ताव को मंजूरी देकर न केवल एक आर्थिक राहत दी है, बल्कि एक मजबूत संदेश भी दिया है।



समाज के असली नायकों का सम्मान केवल भाषणों में नहीं, बल्कि ठोस कदमों से होना चाहिए। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में 18 मार्च 1974 से 21 मार्च 1977 तक चले आंदोलन में मीसा या डीआईआर के तहत जेल में बंद रहे सेनानियों को अब पहले से दोगुना पेंशन मिलेगा।

1 माह से 6 माह तक जेल में रहने वालों की पेंशन 7,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये और 6 माह से अधिक जेल में रहने वालों की पेंशन 15,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये कर दी गई है। यह बढ़ोतरी 1 अगस्त 2025 से लागू होगी, और पेंशनधारी के निधन के बाद उनके जीवित पति/पत्नी को भी इसी दर से पेंशन मिलेगी।

यह निर्णय केवल आर्थिक सहायता भर नहीं है, बल्कि उस पीढ़ी के त्याग को स्मरण करने का अवसर है, जिसने लोकतंत्र बचाने के लिए अपने जीवन के सुनहरे वर्ष जेल में गुजार दिए। ऐसे में एनडीए सरकार का यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा है कि देश और राज्य के लिए किया गया बलिदान कभी भुलाया नहीं जाता।

राजनीति में बहुत बार घोषणाएं होती हैं, पर जब कोई सरकार पुराने संघर्षों के योद्धाओं को याद कर उन्हें उचित सम्मान देती है, तो यह उस शासन के संवेदनशील और जिम्मेदार चरित्र को दर्शाता है। जेपी सेनानियों के सम्मान में उठाया गया यह कदम बताता है कि लोकतंत्र की असली ताकत केवल संसद और विधानसभाओं में नहीं, बल्कि उन लोगों में है, जिन्होंने इसके लिए संघर्ष किया और कीमत चुकाई।

### राज ठाकरे की एमएनएस ने निकाय चुनाव में बैलेट पेपर से वोटिंग कराने की मांग

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया दिवाली के बाद शुरू होने की उम्मीद है। चंद दिन पहले राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश वाघमारे ने यह जानकारी दी थी। जिसके बाद सभी राजनीतिक दल चुनाव की युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर चुके हैं। इसी बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने आगामी निकाय चुनावों में मतपत्रों के इस्तेमाल की विपक्षी दलों की मांग का समर्थन किया है। राज ठाकरे की मनसे के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की और अपनी मांगों की सूची सौंपी, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल्स (वीवीपीएटी) के उपयोग पर जोर दिया गया।



# बौद्धिक संपदा कार्यालय में विस्तारित क्षमता और आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए आईएसए भवन का उद्घाटन

**नवाचार संप्रभुता का प्रतीक है और भारत की वैश्विक प्रगति को गति देगा: श्री पीयूष गोयल**

(एजेंसी)।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने आज द्वारका नई दिल्ली में बौद्धिक संपदा कार्यालय (आईपीओ) के नव-विस्तारित आईएसए भवन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री महोदय ने कहा कि नवाचार सदियों से भारत की पहचान का अभिन्न अंग रहा है और यह कोई नई बात नहीं है। कोणार्क मंदिर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी ऐतिहासिक संरचनाओं की सटीकता और इंजीनियरिंग, देश में हजारों वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही नवाचार की गहरी संस्कृति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि नवाचार न केवल बौद्धिक संपदा का एक रूप है, बल्कि संप्रभुता का प्रतीक भी है, और यह भारत को विश्व में आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

श्री गोयल ने बताया कि प्रत्येक विकसित देश में नवाचार, नए विचार, अनुसंधान और विकास प्राथमिकता रहे हैं और इसी पर ध्यान केंद्रित करने से उनकी समृद्धि हुई है। मंत्री महोदय ने जोर देकर कहा कि देश का विकास नवाचार के कंधों पर टिका है और बौद्धिक संपदा पारिस्थितिकी तंत्र को अब दुनिया भर में विकास के एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में मान्यता मिल रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि सभी हितधारक अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से पालन करें, तो यह संस्थान 2047 तक विकसित भारत की ओर देश की यात्रा का केंद्र बन जाएगा और अनुसंधान एवं विकास के लिए एक आधारशिला के रूप में कार्य करेगा।



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की प्रगति उल्लेखनीय है, बौद्धिक संपदा का विकास बहुत अच्छी तरह से हो रहा है और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और सेमीकंडक्टर के लिए एक प्रतिभा केंद्र बन जाएगा।

यह उद्घाटन भारत के बौद्धिक संपदा ढांचे को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय खोज प्राधिकरण (आईएसए) और अंतर्राष्ट्रीय प्रारंभिक जाँच प्राधिकरण (आईपीईए) के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करने के लिए, 2014 में एक आईएसए/आईपीईए भवन का निर्माण किया गया था, जिसमें भूतल और प्रथम तल शामिल हैं। भारतीय बौद्धिक संपदा पारिस्थितिकी तंत्र में अभूतपूर्व वृद्धि को देखते हुए, सरकार ने 2018 में एक विस्तारित भवन के निर्माण को मंजूरी दी। राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) द्वारा शुरू की गई यह परियोजना 2025 में पूरी होनी थी।

इस विस्तार में मौजूदा आईएसए भवन का नवीनीकरण और दूसरी से सातवीं मंजिल तक पांच नई मंजिलें जोड़ना शामिल है, जिससे कुल निर्मित क्षेत्रफल बढ़कर 140,120 वर्ग फुट हो गया है। पुराने 6,082 वर्ग फुट के आईपीओ भवन में पहले 200 लोगों के रहने की क्षमता थी, जबकि अब यह सुविधा 700 से ज्यादा लोगों को समायोजित कर सकती है। लगभग ₹88 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना में कार्यस्थल को अधिकतम करने और दक्षता बढ़ाने के लिए आधुनिक वास्तुशिल्प डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है।

भूतल और प्रथम तल पर प्रशासनिक और पेशेवर टीमें स्थित हैं, जिनमें पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक (उत्र्ङ्खउ्ळट) का कार्यालय भी शामिल है। दूसरी से छठी मंजिलों पर पेटेंट, डिजाइन, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क से जुड़े अधिकारियों के लिए समर्पित कार्यस्थल, साथ ही परीक्षा कक्ष, तकनीकी और कानूनी अनुभाग और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रभाग भी हैं।

सातवीं मंजिल पर एक अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र है, जिसमें पाँच पूरी तरह सुसज्जित प्रशिक्षण कक्ष, उच्च गति इंटरनेट कनेक्टिविटी और आईपी पेशेवरों और हितधारकों की क्षमता निर्माण के लिए आधुनिक डिजिटल उपकरण उपलब्ध हैं।

इस भवन में सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप वर्षा जल संचयन, एक सीवेज

### आईसीआईसीआई ने ग्राहकों के विरोध के बाद वापस लिया 50,000 रुपये मिनिमम बैलेंस रखने का नियम

आईसीआईसीआई बैंक ने हाल ही में अपने ग्राहकों को तगड़ा झटका देते हुए सेविंग अकाउंट में मिनिमम बैलेंस 50,000 रुपये कर दिया था। लेकिन अब बैंक अपने इस फैसले को लेकर बैकफुट पर आ चुका है। बैंक ने न्यूनतम मासिक औसत शेष राशि की शर्तों में बदलाव किया है। बैंक ने अब इस राशि को ₹50,000 से घटाकर ₹15,000 कर दिया है। बैंक ने ये फैसला ग्राहकों की प्रतिक्रिया के बाद लिया है। बैंक का अपना फैसला बदलने का उद्देश्य ग्राहकों की अपेक्षाओं और प्राथमिकताओं को पूरा करना है। एचटी की रिपोर्ट के अनुसार भारत के दूसरे सबसे बड़े प्राइवेट आईसीआईसीआई बैंक ने पहले ₹50,000 का न्यूनतम एमएबी प्रस्तावित किया था, लेकिन अब इसे घटा दिया है।

# सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

(एजेंसी)।

सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री एवं व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री श्री गान किम योंग के नेतृत्व में सिंगापुर के एक मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज (13 अगस्त, 2025) राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। यह प्रतिनिधिमंडल भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) की तीसरी बैठक के लिए दिल्ली में है।



राष्ट्रपति भवन में प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि अनिश्चित वैश्विक परिवेश में भी, भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी फल-फूल रही है। उन्होंने इस वर्ष के आरंभ में, हमारे द्विपक्षीय संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर, राष्ट्रपति श्री थर्मन षणमुगरत्नम की राजकीय यात्रा को याद किया। उन्होंने कहा कि आईएसएमआर सहित उच्चतम स्तरों पर इस तरह की नियमित बातचीत हमारे बहुआयामी संबंधों को निरंतर गति प्रदान करेगी।

राष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ सिंगापुर के मजबूत रुख की सराहना की।

राष्ट्रपति ने कहा कि सिंगापुर भारत की एक्ट ईस्ट नीति, महासागर विजन और हिंद-प्रशांत विजन में एक प्रमुख साझेदार है। व्यापार, निवेश, रक्षा, संस्कृति, शिक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान के क्षेत्रों में हमारी मजबूत साझेदारियां हैं। उन्होंने कहा कि यह संतोष की बात है कि यह साझेदारी अब कौशल विकास, हरित अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रौद्योगिकी जैसे सहयोग के उभरते क्षेत्रों में भी विस्तारित हो रही है।

# पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है और हमारा ही होगा : श्री शिवराज सिंह चौहान

**केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा-रायसेन में तिरंगा यात्रा - स्वदेशी मार्च निकाला, स्वयं सहायता समूह की बहनों के साथ मनाया रक्षाबंधन**

**हमारा मान तिरंगा, हमारी शान तिरंगा, हमारा अभिमान तिरंगा : केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान**

**बहनें अब लखपति दीदी के साथ मिलेनियर दीदी भी बनेंगी : श्री शिवराज सिंह चौहान**

**केन्द्रीय कृषि मंत्री ने लोगों से स्वदेशी अपनाने का आ'ान किया**

(एजेंसी)।

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र विदिशा-रायसेन में तिरंगा यात्रा व स्वदेशी मार्च निकाला। वहीं श्री शिवराज सिंह ने यात्रा से पहले विदिशा में स्वयं-सहायता समूह की बहनों के साथ रक्षाबंधन भी मनाया। तिरंगा यात्रा और स्वदेशी मार्च विदिशा के माधवगंज चौराहे से प्रारंभ होकर रायसेन के महामाया चौक पर समाप्त हुई। श्री शिवराज सिंह ने भी आम जनता से स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने घरों पर झंडा फहराने की अपील की और स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रध्वज देश का गौरव और सम्मान है। तिरंगे को हाथ में लेकर ही आजादी की लड़ाई में लाखों लोगों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपनी कुर्बानियां दी हैं और अब फिर स्वतंत्रता दिवस आ रहा है, हमारा राष्ट्रीय पर्व... बहनों और भाइयों अपने राष्ट्रीय पर्व को हम धूमधाम से मनाएं और अपने घर भी तिरंगा फहराएं।

केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा में स्वयं-सहायता




समूह की बहनों के साथ रक्षाबंधन मनाया और देश की सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। श्री चौहान ने कहा कि आज बहनों ने राखी मेरी कलाई पर बांधी है, जो प्रेम, स्नेह और आत्मीयता का धागा है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि लखपति दीदी अभियान चल रहा है। मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जो संकल्प लिया है 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का, उसमें से 2 करोड़ के आसपास तो लखपति दीदी बनने ही वाली हैं, और समय से पहले हम 3 करोड़ दीदीयों को लखपति दीदी बना देंगे। और जो लखपति दीदी बन गई हैं, उन्हें मिलेनियर दीदी बनाएंगे। मिलेनियर दीदी का मतलब है, जिसकी आमदनी 10 लाख है, इस संकल्प को भी पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के विराट संकल्प को साकार करने और बहनों को लखपति दीदी बनाने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने तिरंगा यात्रा, स्वदेशी मार्च और स्वयं-सहायता समूह की बहनों के साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम में बहनों और आमजन को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया।



# सम्पादकीय

## फिर परमाणु धमकी पर उतरा पाक

अमेरिकन सिटी फ्लोरिडा से पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने अमेरिकी धरती से भारत को धमकी भरा बयान दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के तीन महीने बाद अब पाकिस्तानी सेना प्रमुख का बयान सामने आया है। मुनीर ने दावा किया है कि मई में हुए संघर्ष में पाकिस्तान को कामयाबी मिली थी। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु बनने का दावा करता है लेकिन ऐसा वुछ नहीं है। आसिम मुनीर का बयान ऐसे समय पर सामने आया है जब शनिवार और रविवार को ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय थल सेना और वायु सेना प्रमुखों के अलग-अलग बयान सामने आए हैं। पहले बता दें कि भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने क्या कहा था। उन्होंने कहा था कि पहलगाम हमले के जवाब में चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर किसी भी पारपंरिक मिशन से अलग था। शनिवार को भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने दावा किया था कि मई में हुए संघर्ष के दौरान भारत ने छह पाकिस्तानी विमानों को मार गिराया था। हालांकि उसी रोज पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने बयान जारी कर इसका खंडन किया। 10 मई को संघर्ष विराम पर सहमति बनने के बाद गोलीबारी थम गई थी। उस समय पाकिस्तान ने भारत के पांच लड़ावू विमान गिराने का दावा किया था, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। फ्लोरिडा में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने एक निजी कार्यव्रम में दावा किया था कि पाकिस्तान ने भारत के भेदभाव पूर्ण और दोहरे व्यवहार वाली नीतियों के खिलाफ एक सफल वूटनीतिक युद्ध लड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद में शामिल है और इस संबंध में उन्होंने कनाडा में एक सिख नेता की हत्या, कतर में आठ नौसेना अधिकारियों का मामला और वुलभूषण जाधव जैसी घटनाओं का उदाहरण दिया। गौरतलब है कि भारत पहले ही इन सभी आरोपों का खंडन कर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बेहद आभारी है। जिनके राजनीतिक नेतृत्व में न केवल भारत पाक युद्ध को रोका बल्कि दुनिया में कई युद्धों को भी रोका। फील्ड मार्शल मुनीर ने अपने भाषण में कश्मीर को एक अधूरा एजेंडा बताया।

आसिम मुनीर यहीं नहीं रूके उन्होंने भारत को खुली धमकी दे डाली।

मुनीर ने कहा कि अगर भारत ने सिंधु नदी का पानी रोकने के लिए बांध बनाया तो हम मिसाइल से उसे उड़ा देंगे। मुनीर ने कहा, हम भारत के सिंधु नदी पर डैम बनने का इंतजार करेंगे और जब वे ऐसा करेंगे तो हम मिसाइलों से उसे तबाह कर देंगे। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल मुनीर यह गीदड़ भभकी देने से भी नहीं चूके कि अगर भविष्य में भारत के साथ युद्ध में उनके देश के अस्तित्व को खतरा हुआ तो वो इस पूरे क्षेत्र को परमाणु युद्ध में झोंक देंगे। मुनीर ने कहा कि हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे। मुनीर का यह बयान इस लिहाज से सनसनीखेज है कि पहली बार अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश को परमाणु युद्ध की धमकी दी गई है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने जिस तरह खुलेआम परमाणु युद्ध की धमकी दी है, उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इस पर अपनी-अपनी राय हो सकती है। बहरहाल इससे एक बात तो साबित होती ही है कि पाकिस्तान के पास परमाणु शक्ति होना केवल भारत के लिए ही नहीं पूरी दुनिया के लिए खतरा है। यह दुखद है कि मुनीर का यह बयान अमेरिका की धरती से आया है। यह पहली बार है जब किसी ने अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के लिए इस तरह के धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह भी पहली बार है जब किसी सेना प्रमुख ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह परमाणु हथियार भी इस्तेमाल कर सकता है। मुनीर के बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने सही जवाब दिया है कि जिस देश में सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिली हो, वहां परमाणु कमांड और वंट्रोल की विश्वसनीयता पर संदेह होना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत किसी न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा।

# गुजरात को मिली एक और पशु चिकित्सा एवं पशुपालन कॉलेज की सौगात

**कामधेनु यूनिवर्सिटी के अंतर्गत हिम्मतनगर में कामधेनु वेटरनरी कॉलेज को मिली स्वीकृति, 80 सीटों पर मिलेगा प्रवेश**

**23 एकड़ क्षेत्र में अत्याधुनिक कैम्पस, उच्च गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के साथ ही विद्यार्थियों के लिए आवास की सुविधा भी उपलब्ध**

**तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात में पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी व्यापक कार्यक्रम शुरू किए गए**

गांधीनगर, 13 अगस्त : गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा और अंतिम छोर के लोगों की सुख-समृद्धि के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में, राज्य के विद्यार्थियों के उज्ज्वल करियर के लिए एक और नई सुविधा की सौगात दी गई है। केंद्र सरकार द्वारा गुजरात के हिम्मतनगर में एक नया पशु चिकित्सा एवं पशुपालन कॉलेज शुरू करने की मंजूरी दी गई है। इस कॉलेज में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से 80 सीटों के लिए प्रवेश की प्रक्रिया अगले महीने से शुरू होगी।

उल्लेखनीय है कि कामधेनु यूनिवर्सिटी के अंतर्गत हिम्मतनगर में नया कामधेनु वेटरनरी कॉलेज खोलने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा



गया था। इस विषय में भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (वीसीआई) द्वारा निरीक्षण और उचित समीक्षा के बाद इस वर्ष से यह कॉलेज शुरू करने के लिए स्वीकृति दे दी गई है।

**कॉलेज प्रवेश और पाठ्यक्रम**

वेटरनरी चिकित्सा की पढ़ाई के लिए आणंद, नवसारी, जूनागढ़ और दांतीवाड़ा के बाद यह राज्य में पांचवां कॉलेज है। कक्षा 12 उत्तीर्ण करने के बाद इस कॉलेज में नीट की परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी इस कॉलेज में बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस (बीवीएससी) और एनिमल हसबेंडरी (एएच) डिग्री कोर्स की पढ़ाई कर सकते हैं। कोर्स शुरू करने के लिए पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति पूरी हो चुकी है, जिसमें 01 प्रिंसिपल, 04 प्रोफेसर, 07 एसोसिएट प्रोफेसर, 34 असिस्टेंट प्रोफेसर और 23 गैर-शिक्षण स्टाफ शामिल हैं।

**अत्याधुनिक कैम्पस और कम फीस पर उच्च गुणवत्तापूर्ण सुविधा**

इस कॉलेज के शुरू होने से अब राज्य के विद्यार्थियों को एक और बेहतर कॉलेज में पढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। इस कॉलेज का कैम्पस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नियमों के अनुसार कम फीस पर उच्च गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के साथ ही आवास की सुविधा भी उपलब्ध है।

तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात में पशु स्वास्थ्य मेलों की शुरूआत की गई थी। गुजरात देश का ऐसा राज्य है; जहाँ पशुधन के लिए हेल्थकार्ड, पशु स्वास्थ्य मेलों तथा पशुओं के मोतियाविंद के ऑपरेशन की सुविधाएँ भी विकसित की गई हैं। इस अभियान को आगे ले जाने में यह कॉलेज आगामी समय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# गुजरात : 22 बड़ी इकाइयों के आवेदन मंजूर, अनुमानित 4136 से अधिक रोजगार का सृजन

**राज्य में कुल 1478 करोड़ रुपए से अधिक के पूंजी निवेश वाली 22 बड़ी इकाइयों के आवेदन मंजूर, अनुमानित 4136 से अधिक रोजगार का सृजन**

**राज्य में 'इंसेंटिव टु इंडस्ट्रीज' योजना अंतर्गत अनुमानित 1.48 लाख करोड़ रुपए के पूंजी निवेश के साथ 1.65 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार का सृजन : उद्योग मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत**

गांधीनगर, 13 अगस्त : गांधीनगर में उद्योग मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत की अध्यक्षता में उद्योगों को फाइनल एलिजिबिलिटी प्रमाणपत्र देने संबंधी समिति की बैठक हुई। इस बैठक में कुल 1478.71 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश वाली 22 बड़ी इकाइयों के आवेदन मंजूर किए गए, जिससे राज्य में अनुमानित 4136 नए रोजगार का सृजन हुआ है।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात सहित समग्र देश में एक उद्योगानुकूल इकोसिस्टम का निर्माण हुआ है, जिससे मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में राज्य में 'इंसेंटिव टु इंडस्ट्रीज' योजना अंतर्गत 148336.35 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश तथा 1.65 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार का सृजन हुआ है, जिसके फलस्वरूप एमएसएमई सेक्टर के लघु एवं मध्यम स्तरीय आनुषांगिक उद्योगों को अधिक वेग मिला है।

श्री राजपूत ने आगे कहा कि आज मंजूर किए गए आवेदनों में अहमदाबाद जिले में मेटल, पेपर,



फूड-एग्रो, सिमेंट-कंक्रीट सेक्टर में 383.91 करोड़ रुपए, कच्छ में मेटल सेक्टर में 227.77 करोड़ रुपए, भरूच में केमिकल एवं सिरामिक सेक्टर में 218.88 करोड़ रुपए, मेहसाणा में पेपर सेक्टर में 55.23 करोड़ रुपए, मोरबी में सिरामिक, मेटल, पेपर, टेक्सटाइल सेक्टर में 167.70 करोड़ रुपए, राजकोट में मेटल सेक्टर में 36.22 करोड़ रुपए, वलसाड में केमिकल, प्लास्टिक तथा पेपर सेक्टर में 359.47 करोड़ रुपए तथा सुरेन्द्रनगर जिले में पेपर सेक्टर में 29.53 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश को सहायता के लिए मंजूरी दी गई है, जो राज्य में उद्योगों को अधिकाधिक सक्षम बनाने तथा प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से गुजरात में रोजगार बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यहाँ उल्लेखनीय है कि गुजरात को व्यापक सामाजिक एवं आर्थिक विकास का प्रकाशस्तंभ बनाने के विजन के साथ राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक नीति 2015 अंतर्गत 'इंसेंटिव टु इंडस्ट्रीज' योजना लागू की गई है। गुजरात को मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी तथा इनोवेशन में अग्रसर करने, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने तथा नए प्रोजेक्ट्स में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ यह योजना लागू की गई है। राज्य में आने वाले उद्योगों को नेट एसजीएसटी सहायता देने संबंधी इस योजना के माध्यम से गुजरात केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में निवेश का सबसे आकर्षक स्थल बना है, जिसे बड़े उद्योगों द्वारा अच्छा-खासा समर्थन मिला है।

इस बैठक में उद्योग एवं खान विभाग की प्रधान सचिव सुश्री ममता वर्मा, वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रधान सचिव श्री संजीव कुमार, श्रम एवं रोजगार विभाग के प्रधान सचिव डॉ. विनोद राव, उद्योग आयुक्त श्री पी. स्वरूप सहित उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएनबी ने उन्नत डीलर वित्तपोषण समाधानों के लिए मारुति सुजुकी के साथ साझेदारी की

13 अगस्त 2025: भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अंतर्गत समस्त भारत में मारुति सुजुकी के डीलर नेटवर्क के लिए व्यापक इन्वेंट्री फंडिंग समाधान प्रदान किए जाएँगे। यह रणनीतिक साझेदारी देश भर के ऑटोमोबाइल डीलरों की वर्किंग कैपिटल तक पहुँच बढ़ाने और उनकी परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए डिजाइन किए गए अनुकूलित वित्तीय उत्पाद प्रदान करेगी।

पीएनबी डिजिटल माध्यम से ₹25 करोड़ तक की ऋण सुविधाओं हेतु स्वीकृति प्रदान कर रहा है। यह साझेदारी मारुति सुजुकी इंडिया



लिमिटेड के डीलरों को बिना किसी परेशानी के ऋण सुविधा प्रदान करेगी और साथ ही मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड को सीएमएस (नकद प्रबंधन प्रणाली) सेवाएँ भी प्रदान करेगी।

इस समझौता ज्ञापन पर पीएनबी के एमडी एवं सीईओ श्री अशोक चंद्र, वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी, मार्केटिंग एवं सेल्स श्री पार्थो बनर्जी, कार्यपालक उपाध्यक्ष, मार्केटिंग एवं सेल्स श्री त्सुयोशी ताकेशिता और मारुति सुजुकी फाइनेंस एवं ड्राइविंग स्कूल के उपाध्यक्ष श्री विशाल शर्मा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

इस साझेदारी पर अपने व्याख्यान में, पीएनबी के एमडी एवं सीईओ श्री अशोक चंद्र ने कहा कि "मारुति सुजुकी के साथ यह साझेदारी नवोन्मेषी वित्तीय समाधानों के माध्यम से भारत के ऑटोमोटिव क्षेत्र को समर्थन देने के लिए पीएनबी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हमारे विशेष रूप से तैयार किए गए इन्वेंट्री फंडिंग उत्पाद डीलरों को बेहतर तरलता, सुव्यवस्थित प्रक्रियाएँ और त्वरित अनुमोदन तंत्र प्रदान करेंगे। हमें विश्वास है कि यह सहयोग ऑटोमोटिव पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा और साथ ही मोबिलिटी क्षेत्र के लिए एक विश्वसनीय बैंकिंग भागीदार के रूप में पीएनबी की स्थिति को और सशक्त करेगा। यह साझेदारी रणनीतिक उद्योग सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है।"

इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी, मार्केटिंग एवं सेल्स, श्री पार्थो बनर्जी ने कहा, "हमारे डीलर पार्टनर हमारी सफलता के अभिन्न अंग हैं। पंजाब नैशनल बैंक के साथ यह साझेदारी बढ़ती बाजार माँगों को पूरा करने के लिए मजबूत वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम आगे है। हमारा मानना है कि यह पहल उनकी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाएगी और समग्र ग्राहक संतुष्टि में योगदान देगी। यह साझेदारी ऑटोमोटिव इकोसिस्टम को समर्थन देने और भारत के मोबिलिटी सेक्टर के विकास में योगदान देने के मारुति सुजुकी और पंजाब नैशनल बैंक के साझा दृष्टिकोण को दशार्ती है।"

# इनमोबी ने लखनऊ में किया प्रवेश; विश्वस्तरीय बाजारों के लिए डीप-टेक इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए खोला नया कार्यालय

लखनऊ का नया कार्यालय जनरेटिव एआई, एमएलओ पीएस, ऑटोमेशन एवं एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर में आधुनिक तकनीकों के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उत्तर भारत में टेक हब की भूमिका निभाएगा।

यह पहल उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनोमी बनाने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो लखनऊ को उभरते एआई इनोवेशन हब के रूप में स्थापित करेगा।

लखनऊ, 13 अगस्त, 2025: एआई पावर्ड टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर InMOBI ने आज लखनऊ में नए टेक्नोलॉजी सेंटर का लॉन्च किया। इस लॉन्च के साथ यह शहर कंपनी के ग्लोबल इनोवेशन नेटवर्क में शामिल हो गया है।

InMOBI, जो भारत की पहली यूनिकॉर्न कंपनी के रूप में मशहूर है, लखनऊ में प्रवेश करने वाली कुछ पहली ग्लोबल डीप-टेक कंपनियों में से एक है। यह InMOBI के मिशन के अनुसार भारत के महानगरों के दायरे से बढ़कर छोटे शहरों में इनोवेशन को विकेंद्रीकृत करने, प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा एआई एवं डीप-टेक में भारत के ग्लोबल लीडरशिप को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

लखनऊ का यह टेक सेंटर आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग ऑपेरशन्स, ऑटोमेशन और बड़े पैमाने पर एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास सहित आधुनिक तकनीकों में इनोवेशन्स को बढ़ावा देने में मुख्य भूमिका निभाएगा।

InMOBI ने आने वाले सालों में इस सेंटर में 500 डीप-टेक इंजीनियर, प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट और डेटा साइंस प्रोफेशनल्स भर्ती करने की योजना बनाई है। उम्मीद है कि इस निवेश से क्षेत्र में 3000 से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियां उत्पन्न होंगी- जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। यह पहल उत्तर प्रदेश को 2029 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनोमी बनाने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

'InMOBI में हमारा मानना है कि महान प्रतिभा किसी भोगौलिक क्षेत्र तक सीमित नहीं होती, यह



मानसिकता, महत्वाकांक्षा एवं अवसर से प्रेरित होती है,' मोहित सक्सेना, सह-संस्थापक एवं ग्रुप सीटीओ InMOBI और ग्लांस ने कहा। "पिछले दो दशकों में हमने बैंगलोर और सैन फ्रांसिस्को (दो विश्वस्तर पर विख्यात टेक हब) के बाहर विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग टीमें बनाई हैं। अब हम लखनऊ को भी इस लीग में शामिल कर रहे हैं। यह पारम्परिक महानगरों के दायरे से बढ़कर वाइब्रेन्ट डीप-टेक सिस्टम बनाने की दिशा में एक नई शुरूआत है। उत्तर प्रदेश की स्थानीय प्रतिभा में निवेश, अकादमिक जगत के सहयोग और विश्वस्तरीय बाजारों के लिए आधुनिक उत्पादों के निर्माण के साथ हम भारत के इनोवेशन मानचित्र को नया आकार दे रहे हैं- यह केवल एक शुरूआत है।' सक्सेना ने कहा।

लखनऊ में भारत की सबसे बेहतरीन इंजीनियरिंग प्रतिभा है । कई प्रतिष्ठित संस्थान इसी क्षेत्र के आस-पास हैं, जैसे - आईआईटी कानपुर, आईआईआईटी लखनऊ, आईआईएम लखनऊ और एमएनएनआईटी अलाहाबाद। ऐसे में यह क्षेत्र फ्यूचर-रैडी टेक क्षमता के लिए महत्वपूर्ण हब है। InMOBI में व्यवहारिक प्रोडक्ट प्रशिक्षण प्रदान करने तथा वास्तविक दुनिया की जरूरतों के अनुरूप इंटर्नशिप एवं अपस्किलिंग प्रोग्राम लॉन्च करने के लिए स्थानीय युनिवर्सिटियों एवं शिक्षा संस्थानों के साथ साझेदारी की योजना बनाई है । इन प्रयासों से अकादमिक जगत एवं इनोवेशन के बीच के अंतर को दूर करने में मदद मिलेगी।

'लखनऊ में हमारी मौजूदगी इस अवधारणा पर आधारित है कि प्रतिभा हर स्थान पर मौजूद है- हमारी जिम्मेदारी इसे सही दिशा प्रदान करना है, शेफाली राय, चीफ ुमन रिसोर्सेज ऑफिसर, InMOBI और ग्लांस ने कहा। हमारा उद्देश्य ऐसे कार्यस्थल का निर्माण करना है जहां लोगों को आधुनिक विश्वस्तरीय सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स के निर्माण के लिए अपना शहर न छोड़ना पडे। क्लटडइक के बेहतरीन परफोर्मेन्स, समावेशी मूल्यों एवं डीप-टेक अवसरों के साथ हम उभरती प्रतिभा को उनके अपने क्षेत्र में विश्वस्तरीय करियर बनाने के लिए तैयार करना चाहते हैं।'

InMOBI का नया लखनऊ कार्यालय कंपनी की इनोवेशन योजनाओं तथा इसी साल एआई के लिए की गई 200 मिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता का एक भाग है, जिसमें ग्लांस एआई का लॉन्च भी शामिल है। ग्लांस एआई एक रेवोल्युशनरी एआई कॉमर्स प्लेटफॉर्म है जो दुनिया में खरीददारी के तरीके को बदल रहा है। अपने आर एण्ड डी फुटप्रिंट को विकेंद्रीकृत करके कंपनी पारम्परिक शहरी केन्द्रों के दायरे से बढ़कर इनोवेशन, प्रतिभा के समावेशी विकास एवं स्थायी टेक सिस्टम के विकास को बढ़ावा देना चाहती है।

# ट्राई ने दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत प्रदान किए जाने वाले नेटवर्क प्राधिकरणों के नियमों और शर्तों पर ट्राई की 17.02.2025 की सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग के 03.07.2025 के बैक-रेफरेंस का जवाब दिया

(एजेंसी)।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत प्रदान किए जाने वाले नेटवर्क प्राधिकरणों के नियमों और शर्तों पर ट्राई की 17.02.2025 की सिफारिशों पर दूरसंचार विभाग (डीओटी) से प्राप्त बैक-रेफरेंस पर अपनी प्रतिक्रिया जारी की है।

इससे पहले, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 11(1)(ए) के तहत दिनांक 26.07.2024 के एक संदर्भ के माध्यम से, दूरसंचार विभाग ने ट्राई से दूरसंचार अधिनियम 2023 के प्रावधानों के अनुसार दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना, संचालन, रखरखाव या विस्तार के लिए प्राधिकरण के लिए शुल्क या प्रभार सहित नियम और शर्तों पर सिफारिशें प्रदान करने का अनुरोध किया था। इसके अलावा, दिनांक 17.10.2024 के एक अधिशेष पत्र के माध्यम से, दूरसंचार विभाग ने ट्राई से दूरसंचार अधिनियम, 2024 की धारा 3(1)(बी) के तहत उपग्रह संचार नेटवर्क के लिए प्राधिकरण पर विचार करने का अनुरोध किया था।

हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद, ट्राई ने 17.02.2025 को दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत प्रदान किए जाने वाले नेटवर्क प्राधिकरणों के नियमों और शर्तों पर सिफारिशें दूरसंचार विभाग को प्रदान कीं।

इसके बाद, 03.07.2025 को, दूरसंचार विभाग ने ट्राई अधिनियम, 1997 की धारा 11(1) के तहत एक बैक-रेफरेंस भेजा और ट्राई से दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत प्रदान किए जाने वाले नेटवर्क प्राधिकरणों के नियमों और शर्तों पर कुछ सिफारिशों के संबंध में पुनर्विचारित सिफारिशें प्रदान करने का अनुरोध किया, जहां सरकार प्रथम दृष्टया इस निष्कर्ष पर पहुंची कि ऐसी सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया जा सकता है या उनमें संशोधन की आवश्यकता है।

ट्राई की सिफारिशों पर सरकार के प्रथम दृष्टया विचारों का विश्लेषण करने के बाद, ट्राई ने दूरसंचार विभाग को बैक-रेफरेंस पर अपना जवाब भेज दिया है। बैक-रेफरेंस पर ट्राई का जवाब ट्राई की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

किसी भी स्पष्टीकरण या विवरण के लिए, श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग), ट्राई से टेलीफोन नंबर +91-11-20907758 पर संपर्क किया जा सकता है।

# नेटवर्क योजना समूह की 98वीं बैठक में रेलवे, सड़क, लॉजिस्टिक्स और वस्त्र क्षेत्र की 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का आकलन किया गया

(एजेंसी)।

नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक सड़क/राजमार्ग परियोजना, एक मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी), तीन रेल परियोजनाएं और पीएम मित्र योजना के अंतर्गत दो टेक्सटाइल पार्क सहित सात परियोजनाओं का आकलन किया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ये परियोजनाएं एकीकृत मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर, आर्थिक एवं सामाजिक केंद्रों के लिए अंतिम-मील कनेक्टिविटी और इंटर-मॉडल समन्वय के प्रधानमंत्री गति शक्ति के सिद्धांतों के अनुरूप हैं।

इन पहलों से लॉजिस्टिक्स दक्षता में वृद्धि, यात्रा समय में कमी तथा विभिन्न क्षेत्रों को सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

**रेल मंत्रालय**

**बख्तियारपुर और फतुहा (बिहार) के बीच तीसरी और चौथी लाइन**

रेल मंत्रालय ने बिहार के पटना ज़िले में बख्तियारपुर और फतुहा के बीच 24.156 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी रेल लाइन के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। यह खंड किऊल-पटना-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन कॉरिडोर (लगभग 390 किलोमीटर) पर एक बहु-ट्रैकिंग पहल का हिस्सा है।

यह परियोजना क्षेत्रीय गतिशीलता, माल ढुलाई क्षमता और आर्थिक एकीकरण को मजबूत करेगी, जिससे अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट, एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर प्लांट (बाढ़), कैरिज रिपेयर वर्कशॉप (हरनौत) और एसजेवीएन पावर प्लांट (चौसा) सहित प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ-साथ ऑटोमोटिव, संगमरमर, पत्थर, खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोलियम और वस्त्र उद्योग के एसएमई को लाभ होगा।

उपजाऊ कृषि क्षेत्र से होकर गुजरने वाली इस रेल लाइन से किसानों की बाजार तक पहुंच बेहतर होगी और पटना, राजगीर, बोधगया, नालंदा तथा बिहार शरीफ के पर्यटन स्थलों तक पर्यटन संपर्क बढ़ेगा। इससे यात्री क्षमता बढ़ेगी, भीड़भाड़ कम होगी और बिहार तथा आसपास के क्षेत्रों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में योगदान मिलेगा।

RNI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh. and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR

# हिम्मतनगर-खेडब्रह्मा नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन पर रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण, आम जनता से रेल पटरी से दूर रहने की अपील

पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद मंडल के हिम्मतनगर–खेडब्रह्मा गेज परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित ब्रॉड गेज लाइन का निरीक्षण 14 अगस्त 2025 को रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) द्वारा किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान इस सेक्शन पर तीव्र से ट्रेन चलाई जाएगी। अतः आम नागरिकों से विशेष अपील की जाती है कि वे सुरक्षा की दृष्टि से रेल पटरी और इसके आसपास के क्षेत्रों से दूर रहें।

परियोजना का चरणबद्ध रूप से कमीशनिंग प्रस्तावित है:

- हिम्मतनगर से इडर (31 किमी) – वर्तमान चरण में खोलने का लक्ष्य
- इडर से खेड़ब्रह्मा (23.83 किमी) – सितंबर 2025 तक खोलने का लक्ष्य



"यह परिवर्तन केवल गेज में सुधार नहीं है; यह साबरकांठा क्षेत्र के लिए कनेक्टिविटी, अवसर और विकास क्षमता में भी सुधार है।"

इस निरीक्षण के पश्चात अंतिम स्वीकृति मिलने पर इस रेल खंड पर नियमित ट्रेन सेवाएं प्रारंभ की जाएंगी। इससे असारवा से खेड़ब्रह्मा तक सीधी रेल कनेक्टिविटी संभव हो सकेगी, जिससे साबरकांठा सहित उत्तर गुजरात के यात्रियों को बड़ा लाभ मिलेगा।

इस गेज परिवर्तन परियोजना के माध्यम से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों सहित उत्तर गुजरात के लोगों को अब बेहतर, तेज और सुरक्षित रेल सेवा प्राप्त होगी। इस मार्ग पर उन्नत संरचनाएं और आधुनिक सुरक्षा मानकों को अपनाया गया है, जिससे यात्रियों की यात्रा अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बन सकेगी।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन, भावनगर मंडल द्वारा कीड्स हट एवं बाल मंदिर के बच्चों के बीच ड्राइंग कंपीटिशन

'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (WRWWO), भावनगर मंडल द्वारा संचालित कीड्स हट एवं बाल मंदिर के नन्हें – मुन्हें बच्चों के बीच ड्राइंग कंपीटिशन करवाया गया। सभी प्यारे प्यारे छोटे–छोटे बच्चों ने बहुत हीं सुंदर चित्र बनाए।

यह दोनों स्कूल 37 वर्षों से चलता आ रहा है। इस कंपीटिशन में सभी बच्चों ने बहुत हीं सुंदर चित्र बनाकर वहां उपस्थित पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (WRWWO), भावनगर मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शालिनी वर्मा एवं महिला कल्याण संगठन की सभी पदाधिकारियों का मन मोह लिया। इस दरमियान उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।





# 'हर रेल घर तिरंगा' में 18,000 रेल परिवारजन की ऐतिहासिक भागीदारी – महिला कल्याण संगठन अहमदाबाद की अध्यक्षा शेफाली गुप्ता बनीं प्रेरणा स्रोत







अहमदाबाद, 13 अगस्त 2025 — प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान को एक नई ऊर्जा देते हुए, पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन, (हफ्हहड) अहमदाबाद की अध्यक्षा श्रीमती शेफाली गुप्ता के नेतृत्व में न्यू रेलवे कॉलोनी, साबरमती में 'हर रेल घर तिरंगा' रैली का भव्य आयोजन हुआ।

इस आयोजन में 2000 से अधिक रेल परिवारजन शामिल हुए। रैली की शुरूआत सामुदायिक भवन, साबरमती से हुई और रेलवे कॉलोनी के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए देशभक्ति के रंग में सराबोर वातावरण में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारे गूंजते रहे।

कार्यक्रम में माननीय विधायक डॉ. हर्षदभाई पटेल ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर तिरंगा' आ'ान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया है, और रेल परिवार इसका शानदार उदाहरण है।'

श्रीमती शेफाली गुप्ता, जो वर्षों से जनसेवा और सामुदायिक उत्थान में अग्रणी रही हैं, ने कहा — 'हर घर रेल तिरंगा, हर दिल में भारत – यही हमारे देशप्रेम की असली पहचान है।' उनकी प्रेरणा ने इस अभियान को केवल एक रैली नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय एकता के उत्सव में बदल दिया।

रैली के उपरांत 500 से अधिक घरों में कॉलोनीवासियों को तिरंगा वितरित किया गया, ताकि 15 अगस्त को हर घर गर्व से राष्ट्रीय ध्वज फहराए। अहमदाबाद मंडल द्वारा 14 अगस्त 2025 को मणिनगर और अन्य रेलवे कॉलोनियों में भी यही अभियान जारी रहेगा।

इस साल अहमदाबाद रेल मंडल के 18,000 से अधिक घरों में तिरंगा बाटने का प्लान है। साथ ही अहमदाबाद मंडल के अपने स्टाफ के बीच 'फोटो तिरंगा के साथ' फोटो कम्पटीशन भी रखा है, जिसमे रेलवे मेन को अपना फोटो तिरंगे के साथ खींच कर @ऊ्रुटऔंर्ग्रि को टैग करना है और #ल्रं१फ्रं‍ॅर्‍ँ१ळ१ंल्लॅ हैशटैग के साथ पोस्ट करना है। डिवीजन अच्छे फोटोग्राफ़्स को अवार्ड भी देगा।

पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद मंडल ने एक बार फिर साबित किया कि वह देश की प्रगति के साथ–साथ सामाजिक एकजुटता और राष्ट्र निर्माण में भी सदैव अग्रणी है।

# भारत में पारदर्शी और उत्तरदायी खाद्य सूचना पत्र लगाने के लिए रूपरेखा तैयार

**एफएसएसएआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हितधारक परामर्श में भारत में पारदर्शी और उत्तरदायी खाद्य सूचना पत्र लगाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई; खाद्य सूचना पत्र लगाने और विज्ञापन में विश्वास तथा उत्तरदायित्व पर बल दिया गया**

**यह परामर्श वर्तमान नियमों की समीक्षा करता है, कार्यान्वयन चुनौतियों का समाधान करता है और उपभोक्ता संरक्षण, जन स्वास्थ्य तथा खाद्य उद्योग में नवाचार बढ़ाने के लिए वैश्विक मानकों के साथ संरेखण का प्रयास करता है**

**केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने उभरते खाद्य क्षेत्र में नैतिक और सही सूचना पत्र तथा विज्ञापन की आवश्यकता पर बल दिया; सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, खाद्य उत्पादों की बारीकी से जाँच करने तथा ऐसे महत्वपूर्ण परामर्श आयोजित करने का आग्रह किया**

**खाद्य सूचना पत्र केवल एक विपणन उपकरण नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे उत्पादक और उपभोक्ता के बीच विश्वास का सबसे आवश्यक कारक भी माना जाना चाहिए, हम खाद्य उत्पाद में शामिल सभी चीजों की सही और ईमानदार घोषणा चाहते हैं और अंतिम निर्णय उपभोक्ता पर छोड़ दिया जाना चाहिए: श्रीमती निधि खरे**

**श्री संजीव सान्याल ने विज्ञापनों में वैज्ञानिक दावों के बाहरी सत्यापन की आवश्यकता पर बल दिया; सूचना पत्र उद्योग के लिए अनिश्चितता को कम करने के लिए सूचना पत्र में सभी परिवर्तनों को वर्ष में एक बार लागू करने के एफएसएसएआई के निर्णय की प्रशंसा की**



(एजेंसी)।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने आज नई दिल्ली में विज्ञान भवन में खाद्य सूचना पत्र, विज्ञापन और दावों पर भारत के नियामक ढांचे को मजबूत करने के एक मजबूत प्रयास के अंतर्गत, 'खाद्य सूचना पत्र, विज्ञापन और दावों पर नियामक ढांचे का व्यापक विश्लेषण' विषय पर राष्ट्रीय हितधारक परामर्श का आयोजन किया। इस परामर्श में संबंधित मंत्रालयों, सरकारी विभागों, वैज्ञानिक विशेषज्ञों, खाद्य व्यवसायों, राज्य खाद्य सुरक्षा प्राधिकरणों, उद्योग संघों, उपभोक्ता संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 700 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इसका उद्देश्य वर्तमान नियमों के प्रभाव का मूल्यांकन करना, कार्यान्वयन चुनौतियों का समाधान करना और उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने, जन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने तथा खाद्य उद्योग में नवाचार को प्रोत्साहन देने के लिए वैश्विक मानकों के साथ तालमेल बिठाने के स्वरूप तलाशना था।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव, श्रीमती पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने उद्घाटन भाषण में खाद्य क्षेत्र में सूचना पत्र और विज्ञापन में नैतिक तथा सत्यनिष्ठ प्रथाओं के महत्व पर बल दिया। श्रीमती श्रीवास्तव ने खाद्य क्षेत्र के विकसित होते माहौल की ओर इशारा करते हुए कहा, "आज चीजें तेजी से बदल रही हैं। अब हम पूरी दुनिया के संपर्क में हैं, जिसका अर्थ है कि हमें कई सकारात्मक बदलावों और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना होगा, साथ ही खाद्य उत्पादों की और भी बारीकी से जाँच करनी होगी। इस तेजी से बदलती दुनिया में, इस तरह के परामर्श अत्यंत आवश्यक हैं।"

उपभोक्ता कार्य विभाग की सचिव श्रीमती निधि खरे ने खाद्य उद्योग में ईमानदार और सत्य घोषणाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उद्योग से सच्ची और ईमानदार घोषणाएँ करने, स्वेच्छा से यह बताने कि उत्पाद में क्या है और भ्रामक विज्ञापनों और छल–कपट से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि "खाद्य सूचना पत्र केवल एक विपणन उपकरण नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे निमार्ता और उपभोक्ता के बीच विश्वास का सबसे आवश्यक कारक भी माना जाना चाहिए। हम चाहते हैं कि खाद्य उत्पाद में जो कुछ भी शामिल है, उसकी सच्ची और ईमानदार घोषणा हो और अंतिम निर्णय उपभोक्ता पर छोड़ दिया जाना चाहिए।" उन्होंने यह सुनिश्चित करने के सामूहिक दायित्व पर भी बल दिया कि यह जानकारी सटीक, पारदर्शी और सत्य हो, ताकि उपभोक्ता पूर्ण विश्वास के साथ सूचित, सुरक्षित और स्वस्थ विकल्प चुन सकें।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य, श्री संजीव सान्याल ने उद्घाटन सत्र के दौरान अपने विशेष संबोधन में कहा, 'विज्ञापनों में दावों के मुद्दे की भी गहन जाँच की आवश्यकता है क्योंकि भले ही उनके समर्थन में कथित वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हों, फिर भी उन्हें बाहरी रूप से सत्यापित करने की आवश्यकता है।' इस संबंध में श्री सान्याल ने एफएसएसएआई के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा, 'इस वर्ष की शुरूआत में एफएसएसएआई द्वारा एक घोषणा की गई थी कि सभी सूचना पत्र में परिवर्तन और संबंधित नियम तथा विनियम अब वर्ष में केवल एक बार, 1 जुलाई को लागू होंगे। यह वास्तव में एक बड़ा कदम है, क्योंकि यह सूचना पत्र उद्योग के लिए एक बड़ी समस्या और अनिश्चितता को दूर करता है।'

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, श्री प्रभात ने खाद्य क्षेत्र में झूठे दावों की गंभीरता का उल्लेख करते हुए, उत्तरदायित्व और सटीक संचार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, "यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता बढ़ती जा रही है कि विज्ञापन नैतिक, सत्य और भ्रामक न हों, विशेष रूप से स्वास्थ्य और पोषण संबंधी दावों के संदर्भ में। इस क्षेत्र में झूठे दावे न केवल उपभोक्ता के भरोसे को कमजोर करते हैं, बल्कि गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य का खतरा भी पैदा करते हैं।"

# केंद्रीय मंत्री श्री प्रतापराव जाधव की अध्यक्षता में आयुष मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक 19 अगस्त 2025 को होगी

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समग्र स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने 5 मई 2025 को एक अलग आयुष परामर्शदात्री समिति का गठन किया**

(एजेंसी)।

आयुष मंत्रालय की नवगठित परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक 19 अगस्त 2025 (मंगलवार) को आयोजित होगी। यह बैठक मंत्रालय और सांसदों के बीच सार्थक संवाद को सरल बनाएगी, जिससे आयुष के क्षेत्र में प्रमुख पहलों और भविष्य की रणनीतियों की समीक्षा और परामर्श मुमकिन हो सकेगा। समिति की अध्यक्षता आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव करेंगे।

भारत सरकार ने, भारत के स्वास्थ्य सेवा ढांचे में आयुष प्रणालियों के बढ़ते महत्व को देखते हुए, 5 मई 2025 को आयुष मंत्रालय के लिए एक अलग परामर्शदात्री समिति का गठन किया है।




इससे पहले, आयुष मंत्रालय से संबंधित मामलों को, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के अधीन देखा जाता था। आयुष के लिए एक स्वतंत्र परामर्शदात्री समिति का गठन, आयुष संबंधी नीतियों और कार्यक्रमों पर केंद्रित, संसदीय निगरानी और सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम संस्थागत कदम है।

आयुष मंत्रालय के लिए स्वतंत्र परामर्शदात्री समिति का गठन, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और समग्र स्वास्थ्य सेवा को और मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दशार्ता है। प्रधानमंत्री आयुष प्रणालियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य ढांचे में एकीकृत करने और भारत के पारंपरिक ज्ञान को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के महत्व पर लगातार जोर देते रहे हैं।

यह उपलब्धि आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के निरंतर प्रयासों और संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा समन्वित कार्रवाई का नतीजा है, जिसने इस वर्ष की शुरूआत में समिति को अधिसूचित किया था।

मंत्रालय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के एकीकरण को आगे बढ़ाने और देश भर में समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के मकसद से, समिति के सदस्यों के साथ उपयोगी चर्चा की उम्मीद करता है।

# आईबीसी 22 अगस्त 2025 को युवा बौद्ध विद्वानों का तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीवाईबीएस) आयोजित करेगा

(एजेंसी)।

धम्म का सार संरक्षित करने में युवाओं की भूमिका को मजबूत करने के अपने प्रयासों के तहत, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी), नई दिल्ली, 22 अगस्त 2025 को युवा बौद्ध विद्वानों का तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीवाईबीएस) आयोजित कर रहा है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र इस सम्मेलन का हिस्सा हैं। यह सम्मेलन नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र के नालंदा हॉल में सुबह 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

आईसीवाईबीएस ने अपने पिछले सम्मेलनों में जीवंत विषयों पर गहन चर्चा की है। 2023 में "बौद्ध तीर्थयात्रा" पर चर्चा से लेकर 2024 में "शिक्षा, अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवा और कल्याण में बुद्ध धम्म" पर जोर देने तक, 2025 की विषय वस्तु का उद्देश्य "21वीं सदी में बुद्ध धम्म में ज्ञान संचार" पर चर्चा करना है।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के कुलपति प्रो. राणा प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे। मुख्य भाषण प्रख्यात बौद्ध इतिहासकार प्रो. केटीएस सराओ देंगे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की भूमिका को बार–बार "धम्म सेतु" के रूप में देखा है, जो एक आध्यात्मिक सेतु है जो न केवल बौद्ध–बहुल देशों को बल्कि पूरे विश्व को जोड़ता है। भारत को वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन, एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन और पाली को एक शास्त्रीय भाषा के रूप में स्थापित करने जैसी पहलों के माध्यम से बुद्ध धम्म के संरक्षण में योगदान देने में अग्रणी होने पर गर्व है। "धम्म–आधारित सद्भाव" का सिद्धांत भारत के पंचामृत सिद्धांत में निहित पाँच स्तंभों को जोड़ता है। प्रधानमंत्री ने सम्मान, संवाद, समृद्धि, सुरक्षा और संस्कृति एवं सभ्यता पर विस्तार से प्रकाश डाला है।

इसलिए, यह सम्मेलन निम्नलिखित पर गहन शोध करेगा:




धम्म के प्रचार के लिए प्रसिद्ध मौर्य सम्राट अशोक ने करुणा, अहिंसा और सामाजिक सद्भाव पर आधारित समावेशिता के सिद्धांत पर आधारित एक विरासत छोड़ी है। पूरे भारत में प्रसारित अपने शिलालेखों के माध्यम से भावी पीढ़ियों को तैयार करने में सम्राट अशोक के प्रयासों के सम्मान में, इस संगोष्ठी का पहला विषय "बुद्ध धम्म के प्रसार में अशोक की भूमिका" पर चर्चा करना है। यह विषय वस्ँ तु उनकी शिक्षाओं का विस्तार से अध्ययन करती है, जो श्रीलंका से हेलेनिस्टिक क्षेत्रों और मध्य एशिया तक फैली।

भारतीय परंपरा "गुरु–शिष्य" संबंध के महत्व के लिए जानी जाती है, जो ज्ञान हस्तांतरण का आधार है। दूसरा विषय "गुरु शिष्य परंपरा – बुद्ध धम्म में ज्ञान हस्तांतरण के मॉडल" पर चर्चा करेगा। गुरु केवल धम्म की व्याख्या ही नहीं करते, बल्कि अपने आचरण और जीवनशैली में परिलक्षित वास्तविक अभ्यासों के माध्यम से उसे साकार भी करते हैं। शिष्य केवल धम्म का ही अध्ययन नहीं करते, बल्कि उनकी भूमिका अध्ययन से भी आगे तक जाती है। वे आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान के वाहक होते हैं। इसलिए, यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र बन जाता है जिस पर आगे बढ़ना आवश्यक है।

बौद्ध धर्म आधुनिक तकनीक के साथ–साथ विकसित हो रहा है और अपनी पहुँच बढ़ाने के लिए नए साधनों को अपना रहा है। जैसे–जैसे युवा पीढ़ी डिजिटल नवाचार की ओर आकर्षित हो रही है, वे धम्म से जुड़े रहने और उसकी शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए बेहतर ढंग से सक्षम हैं। भारत में, केवल 30 प्रतिशत महिलाएं ही इंटरनेट का उपयोग करना जानती हैं, जबकि पुरुषों में यह दर 57 प्रतिशत है, जो डिजिटल माध्यम से लैंगिक अंतर को पाटने की तत्काल आवश्यकता को दशार्ता है। डिजिटल पहुँच में इस लैंगिक अंतर और डिजिटल माध्यम से ज्ञान के प्रसार की चुनौतियों का समाधान करते हुए, तीसरा विषय "डिजिटल युग में लैंगिक और पहुँच के संदर्भ में ज्ञान संचरण" पर जोर देगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, भाषा–समावेशी बौद्ध संसाधनों, मोबाइल माइंडफुलनेस ऐप्स और वर्चुअल रिट्रीट जैसे नवाचारों के माध्यम से, बुद्ध की आध्यात्मिक शिक्षाओं के संरक्षण की चुनौतियों का समाधान करती है।

अंतिम विषय वस्तु में समकालीन आवश्यकताओं के लिए ऐतिहासिक ज्ञान को जोड़ने और शिक्षाओं को सुलभ बनाने में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की जाएगी। शैक्षणिक संस्थान इन शिक्षाओं की समकालीन प्रासंगिकता बनाए रखने में प्रमुख संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। इसलिए, अंतिम विषय "ज्ञान के संरक्षक के रूप में बौद्ध शैक्षणिक संस्थानों और संघ की स्थितिः भविष्य के लिए सामुदायिक शिक्षा और संरक्षण" पर प्रकाश डालेगा।

भारत भर के युवा प्रतिभाओं का एक उत्कृष्ट समूह उपरोक्त विषय पर प्रस्तुति देने के लिए एक साथ आ रहा है। इसलिए, तीसरा आईसीवाईबीएस, धम्म संरक्षकों की अगली पीढ़ी के पोषण और समकालीन संदर्भों में बुद्ध धम्म के शाश्वत मूल्यों पर संवाद को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। अशोक की विरासत, गुरु–शिष्य परंपरा के ज्ञान, डिजिटल युग में समावेशिता की आवश्यकता और शैक्षणिक एवं मठीय संस्थानों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इस सम्मेलन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बौद्ध ज्ञान का प्रसार 21वीं सदी और उसके बाद भी जीवंत, सुलभ और प्रासंगिक बना रहे।

वियतनाम, रूस, कंबोडिया और म्यांमार जैसे कई देशों के विद्वान, जो भारत में रहते हैं और बौद्ध धर्म से संबंधित विषयों का अध्ययन कर रहे हैं, तथा बौद्ध अध्ययन पृष्ठभूमि वाले युवा शिक्षाविदों द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

# आईजीएनसीए ने अनुभवात्मक शिक्षा पर बल देते हुए पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू किया

**आईजीएनसीए ने भारत के विज्ञान और संस्कृति के एकीकृत मंच के उपलक्ष्य में बीएसआईपी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**

(एजेंसी)।

संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त ट्रस्ट, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), नई दिल्ली ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (बीएसआईपी), लखनऊ के साथ आईजीएनसीए, नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा संचालित ग्यारह पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. महेश जी. ठक्कर थे। इस अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी, डीन (अकादमिक) प्रो. प्रतापानंद झा, अकादमिक इकाई के प्रभारी प्रो. अरुण भारद्वाज और संबंधित प्रभागों के अन्य प्रमुख और डीन भी उपस्थित थे।

यह समझौता ज्ञापन देश में विज्ञान और संस्कृति को एक एकीकृत मंच पर लाने की अनूठी पहल है। इसका उद्देश्य देश की वैज्ञानिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय जगत के सामने प्रदर्शित करना है। इस अवसर पर, आईजीएनसीए द्वारा संचालित ग्यारह पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सांस्कृतिक सूचना विज्ञान से लेकर भारतीय साहित्य तक के क्षेत्र शामिल थे। इसका उद्देश्य समकालीन शिक्षा में पारंपरिक ज्ञान को समाहित करना था। कुशल पेशेवरों को विकसित करने के लिए तैयार किए गए ये पाठ्यक्रम व्यावहारिक प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं। इससे शिक्षार्थियों, विशेषज्ञों और जीवंत परंपराओं के बीच सार्थक आदान–प्रदान को बढ़ावा मिलता है।



डॉ. सच्चिदानंद जोशी और प्रो. महेश जी. ठक्कर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईजीएनसीए के संरक्षण प्रभाग के प्रमुख एवं प्रोफेसर डॉ. अचल पंड्या और बीएसआईपी की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शिल्पा पांडे इस सहयोग के लिए नोडल अधिकारी के रूप में काम करेंगी। आईजीएनसीए और बीएसआईपी के बीच समझौता ज्ञापन का उद्देश्य अंतःविषय अनुसंधान, संयुक्त आयोजनों और साझा विशेषज्ञता के माध्यम से विज्ञान और संस्कृति को एकीकृत करना है। यह डिजिटलीकरण, शिक्षा और समुद्री इतिहास में जलवायु परिवर्तन पर प्रोजेक्ट मौसम के समर्थन पर केंद्रित है। सहयोग में अनुसंधान, प्रलेखन, संरक्षण, संग्रहालय विकास, क्षेत्रीय कार्य, दृश्य–श्रव्य अभिलेख, संयुक्त प्रकाशन, और संरक्षण एवं विरासत प्रबंधन में प्रशिक्षण के साथ–साथ जन–पहुंच शामिल होगी। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए नवोन्मेषी कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की विरासत को संरक्षित, व्याख्यायित और प्रस्तुत करना है।

इस अवसर पर, प्रो. महेश जी. खट्टर ने कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) और बीएसआईपी के बीच सहयोग विज्ञान, कला और संस्कृति को एक साथ लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस पहल से अतीत, वर्तमान और भविष्य के बारे में जन जागरूकता बढ़ेगी और युवा पीढ़ी प्रेरित होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल हमारे इतिहास और विरासत को समझने के लिए है, बल्कि भविष्य के लिए उनके संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। उन्होंने आगे बताया कि यह विज्ञान, कला और संस्कृति को एक मंच पर लाने के लिए आईजीएनसीए के साथ एक संयुक्त प्रयास है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में और अधिक प्रदर्शनियां, शोध और प्रकाशन किए जाने और लोगों को पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य के बारे में जागरूक करने के लिए ही आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं।

# मिल्कीपुर में 'हर घर तिरंगा' का गूंजा राष्ट्रगौरव

**'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत कुमारगंज व अमानीगंज में उमड़ी देशभक्ति, विधायक चंद्रभानु पासवान, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक सहित प्रशासनिक अधिकारी हुए शामिल**

मिल्कीपुर (अयोध्या)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान 13 से 15 अगस्त के शुभारंभ पर मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।





विधानसभा क्षेत्र के कुमारगंज में विधायक चंद्रभानु पासवान ने कार्यकताओं के साथ 'तिरंगा यात्रा' निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। इस दौरान बाजार में देशभक्ति के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। यात्रा में विधायक के साथ क्षेत्रीय कार्यकर्ता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे।यात्रा के प्रथम चरण में कुमारगंज बाजार से निकाली गई 'तिरंगा यात्रा' में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी शामिल हुए और लोगों को राष्ट्रगौरव से ओतप्रोत संदेश दिया। वहीं दूसरे चरण में अमानीगंज मंडल से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें थानाध्यक्ष और सीओ सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ'ान पर पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीयता का यह भाव हर घर तक, हर जन तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारत माता, हमारे महापुरुषों, क्रांतिकारियों और वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है।

यात्रा के दौरान लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम और अन्य देशभक्ति के नारे लगाते रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# लखनऊ फॉल्कंस ने एस.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में लॉन्च किया अपना ऑफिशियल एंथम

**"आरम्भ है जज्बात का, लक्ष्य है आसमान का, जिद है जीत की – लखनऊ फॉल्कंस की"**

लखनऊ। बीकेटी स्थित एस.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आज यूपी टी–20 लीग में धमाल मचाने को तैयार लखनऊ फॉल्कंस टीम ने अपना ऑफिशियल एंथम लॉन्च किया। इस अवसर पर टीम के कप्तान एवं भारतीय क्रिकेटर भुवनेश्वर कुमार के साथ खिलाड़ी प्रियम गर्ग, कृतज्ञ कुमार सिंह, किशन सिंह, आराध्या यादव, अभिनंदन सिंह, कोच कमलकांत कनौजिया, कोच वकार सर तथा संस्थान के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान मौजूद रहे।

कार्यक्रम में करीब दस हजार छात्रों की मौजूदगी में एंथम का जोश देखने लायक था।





एंथम लॉन्च के मौके पर भुवनेश्वर कुमार ने कहा, "यह सीजन हमारे ऑफिशियल एंथम की तरह ही बेहद धमाकेदार होने वाला है। हमारी टीम पूरी तरह तैयार है और किसी भी चैलेंज का सामना करने के लिए रेडी है।" छात्रों का उत्साह देखकर उन्होंने कहा कि "लखनऊ में क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि एक जुनून और धर्म है।"

भुवनेश्वर कुमार ने छात्रों को ऑटोग्राफ दिए, उनके साथ सेल्फी ली और मैदान में क्रिकेट खेलते हुए एक शानदार शॉट लगाकर टीम के आत्मविश्वास का संदेश दिया कि इस बार यूपी टी–20 लीग का खिताब लखनऊ फॉल्कंस के नाम होगा।

इस मौके पर पीयूष सिंह चौहान ने कहा, "लखनऊ फॉल्कंस टीम को अपने बीच पाकर हम सभी बेहद उत्साहित हैं। खिलाड़ियों की तैयारी देखकर विश्वास है कि इस बार खिताब लखनऊ फॉल्कंस ही जीतेगी।" उन्होंने सभी खिलाड़ियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया और लखनऊवासियों की ओर से टीम को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

पूरे आयोजन के दौरान मैदान "भुवी–भुवी" के नारों से गूंजता रहा। उमस भरी गर्मी के बावजूद छात्र ऑटोग्राफ और तस्वीरें लेने के लिए लंबी कतारों में खड़े रहे।

# महिला के गले से मंगलसूत्र तोड़ने वाले बदमाश को पुलिस ने दबोचा

मथुरा (एजेंसी)। थाना हाईवे क्षेत्र स्थित ज्ञानदीप स्कूल जाते समय शिक्षिका के गले से मंगलसूत्र तोड़ने वाले बदमाश को हाईवे पुलिस और स्वॉट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पालीखेड़ा के पास से दबोच लिया। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों गोवर्धन रोड़ स्थित ज्ञानदीप स्कूल जा रही एक महिला के गले से बाइक सवार बदमाश, थाना सोने का मंगलसूत्र तोड़कर फरार हो गया था। एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी हाईवे शैलेन्द्र सिंह और स्वॉट टीम प्रभारी छोटेलाल पुलिस टीम के साथ मंगलसूत्र तोड़कर भागे बदमाश की तलाश में जुटे हुए थे।



उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि महिला के गले से मंगलसूत्र तोड़कर फरार हुआ शातिर बदमाश, पुनः किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में पालीखेड़ा तिराहा के पास खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह और स्वॉट टीम प्रभारी छोटेलाल पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सतोहा विक्रांत तोमर, स्वॉट टीम के मुख्य आरक्षी, दुर्विजय सिंह, हरजेन्द्र सिंह, अखिल कुमार, योगेश कुमार, आशुतोष, सुनील कुमार और थाना हाईवे के आरक्षी धीरेन्द्र कुमार, रंजीत कुमार आदि के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखते ही वहां खड़ा शातिर बदमाश भागने लगा। पुलिस टीम ने भागने का प्रयास कर रहे शातिर बदमाश विष्णु पुत्र दीवान सिंह निवासी गांव पीलूआ सादिकपुर थाना रिफाइनरी को घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिर के कब्जे से सोने का मंगलसूत्र और घटना में प्रयुक्त प्लेटिना बाइक बरामद की है।

# वृंदावन पुलिस ने दबोचा शातिर चोर : आभूषण और नगदी बरामद

मथुरा (एजेंसी)। थाना वृंदावन क्षेत्र स्थित गुरूकुल गेट के पास से पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी मथुरागेट रजत दुबे पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की तलाश में संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि गुरूकुल गेट के पास एक शातिर चोर खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी रजत दुबे पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे शातिर चोर



शिवा पुत्र विनोद निवासी रंगरेजान थाना छत्तारी जिला बुलंदशहर को घेरकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिर के कब्जे से विगत 9 अगस्त को पीड़ित अनिल पुत्र पप्पू निवासी गौरानगर वृंदावन के मकान का ताला तोड़कर चोरी की गई 1 सोने की नाक की लौंग, 1 जोड़ी सोने कान की बाली, 1 सोने का मंगलसूत्र और कुल 3 हजार 8 सौ 50 रूपए बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर डेढ़ हजार से अधिक कर्मचारी करेंगे सफाई कार्य : प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



मथुरा (एजेंसी)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को नगर निगम प्रशासन ने प्लास्टिक एवं पॉलिथीन मुक्त मनाने का संकल्प लिया। भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण के तुरंत बाद ही सफाई का विशेष अभियान चलाकर सुबह होने तक कूड़े व गंदगी को हटा दिया जाएगा। इसके साथ ही बरसात होने पर श्रीकृष्ण जन्म स्थान पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने पर भी विचार भी किया जा रहा है। योगीराज भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस पर महानगर के प्रमुख चौराहे और मार्गो को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। वहीं प्रकाश व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के लिए अलग–अलग स्थानों पर डेढ़ दर्जन जनरेटर लगाए जा रहे हैं। इसी के साथ इस पावन पर्व पर तीन खोया–पाया केंद्र बनाए जाएंगे। दूसरी ओर श्रीकृष्ण जन्मस्थान के गेट नंबर 3 के सामने मेडिकल कैम्प तथा तीन स्थानों पर जूताघर और दो स्थानों पर प्रसाद वितरण केंद्र बनेंगे। यह जानकारी बुधवार को मेयर विनोद अग्रवाल और नगर आयुक्त जग प्रवेश ने नगर निगम कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 50 लाख से अधिक का अनुमान है। कहा कि 14 अगस्त से 18 अगस्त तक डेढ़ हजार से अधिक कर्मचारी सफाई व्यवस्था के कार्य को करेंगे। नगर के प्रमुख स्थान और मार्ग के किनारे बॉल पेंटिंग करायी जा रही हैं। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी के टैंकर और प्याऊ लगाई जाएंगी, जिसके लिए करीब 8 लाख लीटर पानी की व्यवस्था की गई है। बताया कि श्रद्धालुओं के लिए जगह–जगह पर 52 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से चौराहों और प्रमुख मंदिरों के आस–पास डिस्पोजल तथा कपड़े के थैले वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी पर 50 लोगों को भंडारा लगाने की अनुमति दी गई है।

# जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम् के गगनभेदी उद्घोषों से गुंजायमान हुई श्रीकृष्ण की नगरी : महानगर के हृदय स्थल क्षेत्र में निकली गई जागरूकता रैली

मथुरा (एजेंसी)। श्रावण पूर्णिमा विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृत भारती मथुरा द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत तीर्थक्षेत्र मथुरापुरी में संस्कृत भाषा को जनसाधारण की भाषा बनाने के उद्देश्य से भव्य संस्कृत जागरुकता शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) से प्रारंभ होकर जनरलगंज, आर्यसमाज रेलवे क्रासिंग, आर्यसमाज कन्या विद्यालय, बंगालीघाट, यमुना किनारे होकर विश्राम बाजार, ब्रिजानंद बाजार, छत्ता बाजार, तिलकद्वार, गौड़िय मठ जवाहर हाट होकर सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर पहुंची। जहां शोभायात्रा के समापन पर धर्मसभा का आयोजन किया




गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह, संस्कृत भारती मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, भाजपा नेता डा. डीपी गोयल, विजय अग्रवाल बंटा, ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी, डा. सहदेव कृष्ण, संस्कृत भारती ब्रजप्रांत न्यास अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा, ब्रजप्रांत मंत्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, गीता व्रती कैलाश अग्रवाल, श्यामसुंदर शर्मा, रामदास चतुर्वेदी शास्त्री, मदन मोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार सुभाष सैनी, सुरेश, मधुसूदन चतुर्वेदी, रामकृष्ण चतुर्वेदी एडवोकेट, विनोद चतुर्वेदी गुरु कृपा, हरस्वरुप यादव, योगेश उपाध्याय आवा, विकास वार्ष्णेय, आचार्य मुरलीधर चतुर्वेदी, अनिल पाठक, आचार्य लक्ष्मीकांत, मनोज पाठक, विनोद चतुर्वेदी, शरद शास्त्री, पंकज ज्योतिषाचार्य, ऋषभ देव, गोविंददेव निरंजन शास्त्री, शिवम् आचार्य, आचार्य ओमप्रकाश कटेरिया, महिपाल सिंह, शिवम शर्मा, श्रीमती मंजू, श्रीमती आकांक्षा, निति, श्रुति और खुशबू दुबे आदि भारी संख्या में उपस्थित संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मथुरा जनपद के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम्, ग्रामे–ग्रामे संस्कृत भाषा, नगरे–नगरे संस्कृत भाषा आदि गगनभेदी उद्घोषों के साथ संस्कृत शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में संस्कृत सप्ताह में आयोजित संस्कृत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों की संख्या में छात्र–छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा करके छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। धर्मसभा की अध्यक्षता न्यास अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल ने की और सभा का संचालन जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित आचार्य मुरलीधर चतुर्वेदी द्वारा दिया गया तथा सभा का समापन रामदास चतुर्वेदी शास्त्री एवं हरस्वरुप यादव द्वारा कल्याण मंत्र से किया।

# जन्माष्टमी के पावन पर्व को भव्यता से मनाने को नगर निगम कर रहा कार्य : एक:एक कार्य पर नगर आयुक्त रख रहे पैनी नजर

मथुरा (एजेंसी)। योगीराज भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व को भव्यता से मनाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जन्माष्टमी की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त जग प्रवेश खुद एक–एक बिंदु पर नजर रखे हुए हैं। जिस तरहा से नगर निगम द्वारा मथुरा–वृंदावन में प्रकाश, चित्रकारी, सफाई और पेंचवर्क कार्य कराए जा रहे हैं, उसे देखकर स्थानीय लोग भी खुश नजर आ रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की भव्य तैयारियों के दृष्टिगत नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा मथुरा–वृंदावन महानगर के संपूर्ण क्षेत्र में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसमें साफ–सफाई, पेचवर्क, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण और अतिक्रमण आदि सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के लिए निरीक्षण और निर्देश जा रहे हैं।

इसीक्रम में बुधवार को नगर आयुक्त ने वृंदावन के प्रमुख मार्गो और परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ–सफाई, अतिक्रमण मुक्तिकरण और सौंदर्यीकरण कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने वृंदावन परिक्रमा मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप गौरी गोपाल गौशाला के निकट कराई गई वॉल पेंटिंग तथा भगवान श्रीकृष्ण के बाल गोपाल रूप में स्थापित की जा रही मूर्ति को देखा। उन्होंने अवर अभियंता निर्माण अरुण कुमार को निर्देश दिए कि कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएं, जिससे कि गुरुवार को बाल गोपाल भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति का उद्घाटन किया जा सके। इसी के साथ प्रभु श्रीबांकेबिहारी मंदिर की ओर जाने वाले मार्गो पर रैलिंग, बैरियर, अतिक्रमण हटाना और प्रकाश व्यवस्था आदि सभी कार्य जल्द करने के निर्देश दिए। इसी साथ मथुरा–वृंदावन रोड़ पर सौ सैय्या तिराहा से हेलीपैड तक पौधों की कटाई–छंटाई और डिवाइडर पर वॉल पेंटिंग के कार्य को भी परखा। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक समेत नगर निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोसीकलां पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को लिए रिमांड पर : घटना में प्रयुक्त तलवार बरामद



मथुरा (एजेंसी)। कोसीकलां पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को रिमांड पर लेकर घटना में प्रयुक्त तलवार बरामद की है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कोसीकलां अरविंद निर्वाल ने अदालत के आदेश पर कारागार में निरूद्ध हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी बोस पुत्र उधम उर्फ प्रताप निवासी गांव ऐंच थाना कोसीकलां को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई।

पुलिस द्वारा पूछताछ करने के बाद थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल ने रिमांड पर लिए आरोपी की निशानदेई नगला सिरोली को जाने वाले रास्ते पर बानो के खेत की मेड़ के पास से घटना में प्रयुक्त एक तलवार बरामद की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तलवार को बरामद करने के बाद आरोपी को वापस जेल भेज दिया।

# अहमदपुर कुसुम्भा में पुरानी पानी की टंकी गिराई गई


धाता विकास खंड के अहमदपुर कुसुम्भा गांव में जल निगम द्वारा वर्ष 1983 में बनाई गई पानी की टंकी लीकेज और जर्जर हालत के कारण रविवार को टैक्स कलेक्टर शशिकांत मिश्रा की देखरेख में पोकलैंड मशीन से गिरा दी गई। इस टंकी के माध्यम से कभी हरदवां, सरसौली, पलवा, देवरी, मझपुरवा, कल्यानपुर, कचरौली, बेनीपुर, खरसेडवा समेत करीब दो दर्जन गांवों में पाइपलाइन बिछाकर घर–घर पेयजल आपूर्ति होती थी। समय के साथ रखरखाव के अभाव में एक–एक कर सभी गांवों में सप्लाई बंद हो गई और पिछले पांच वर्षों से केवल अहमदपुर कुसुम्भा गांव में ही पानी की आपूर्ति हो रही थी। वह भी टंकी न होने से ऊंचाई वाले इलाकों में पानी नहीं पहुंच पा रहा था। शशिकांत मिश्रा ने बताया कि किसी हादसे से बचाव के लिए टंकी गिराई गई है और जल्द ही नई टंकी का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में फिर से सुचारू जलापूर्ति हो सके।




# मुंबई लोकल में गुजराती और मराठी यात्रियों के बीच भाषा को लेकर हुआ झगड़ा, वीडियो हुआ वायरल

(एजेंसी)।

मुंबई में भाषाओं को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हिंदी और मराठी के बीच अक्सर टकराव देखने को मिलता है, लेकिन अब गुजराती और मराठी भाषा को लेकर भी विवाद सामने आया है। मुंबई की लोकल ट्रेनों में भाषा संबंधी झड़पें लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें गुजराती और मराठी भाषियों के बीच विवाद दिखाया गया है।



इस वायरल वीडियो में मराठी भाषा के साथ–साथ मराठी व्यक्ति का भी अपमान होता दिख रहा है। वीडियो में एक गुजराती व्यक्ति गुस्से में यह कहते हुए दिखाई दे रहा है कि "मराठी लोग हमारे घरों में बर्तन साफ करते हैं।" इस आपत्तिजनक टिप्पणी से एक नया विवाद छिड़ने की संभावना है।

गुजराती व्यक्ति ने आगे बढ़कर मराठी लोगों को "लुक्खे" (बेकार/निकम्मे) भी कहा, जिससे मराठी व्यक्ति का अपमान हुआ। सोशल मीडिया पर इस वीडियो के वायरल होने के बाद कई मराठी संगठनों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है।

यह घटना मुंबई, जो महाराष्ट्र की राजधानी है, में मराठी भाषियों के अपमान के मुद्दे को फिर से चर्चा में ले आई है। इससे पहले भी मध्य रेलवे की कसारा–कल्याण लोकल में सीट को लेकर दादागिरी का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें "ओ भाऊ... आमचा माणूस येणार... सीट आमची" जैसी बातें कही गई थीं।

कुछ दिन पहले मुंबई की लोकल ट्रेन में सीट को लेकर शुरू हुआ एक मामूली विवाद भाषा विवाद में बदल गया।

# तेज रफ्तार लोडर मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर पेड़ टकराई मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल दो लोगों आई मामूली चोटे

खखरेरू /फतेहपुर थाना क्षेत्र के पौली गांव के पास मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार सहित लोडर में बैठे दो लोग चोटिल हो गए जिनको डायल 112 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो लेकर गए मिली जानकारी के अनुसार बसवा गांव निवासी राकेश पासवान पुत्र छेदीलाल प्रेम मेहता पुत्र बेनी प्रसाद सब्जी लेने के लिए पौली बाजार गए थे बाजार करके जब वह वापस आ रहे थे तभी रक्षपालपुर की तरफ से खागा जा रही तेज रफ्तार लोडर बाइक सवार को टक्कर मार कर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें बाइक सवार दोनों युवक






गंभीर रूप से घायल हो गए पेड़ में टकराने की वजह से लोडर में आगे बैठे दो लोगों को चोट लगी जबकि पीछे बैठे तीन लोग घटना के बाद से मौके से भाग गए सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची डायल 112 घायलों को गाड़ी में लादकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो पहुंचाया घटना के संबंध में थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार युवकों को इलाज के लिए हरदो भेजा गया था जहां पर दोनों युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लोडर को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है